/font>

Title: Need to ensure that people of Sagwada Tehsil in Narmada District, Gujarat can view Doordarshan programmes- Laid.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र भरूच के नर्मदा जिले के सागवाडा तहसील में दूरदर्शन के कार्यालय न देखे जाने की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस संबंध में केन्द्र सरकार को कई बार लिख चुका हूं, परन्तु सरकार ने इस संबंध में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। देश में प्रसारण के आधुनिक उपकरण हैं, फिर भी इस तहसील में दूरदर्शन के कार्यक्रम न देखे जाये, यह आश्चर्य की बात है। प्रसारण के न होने से यहां के लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं और देश की खबरों से बेखबर रहते हैं।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस तथ्य की जांच करे एवं इस तहसील में दूरदर्शन के कार्यक्रम लोग देख सकें, इसके लिए कार्यवाही करें।